# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 173/2023

**सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई में कक्षा– 11वीं (सत्र 2023–25) में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने के इच्छुक अभ्यर्थियों/उनके अभिभावक के लिए आवश्यक सूचना**

शिक्षा विभागीय पत्रांक- 10/सिमु०/07/2022–796 दिनांक 24.05.2023 के द्वारा सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा 11वीं के रिक्त 107 सीटों को पार्श्व परीक्षा के माध्यम से भरे जाने का निदेश प्राप्त हुआ है। बिहार सरकार द्वारा संस्थापित सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा 11वीं (सत्र 2023–25) में नामांकन हेतु योग्य अभ्यर्थियों/अभिभावकों, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि उक्त हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाना है। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र सिर्फ ऑनलाईन (Online) माध्यम से आमंत्रित किए जाते हैं। प्राचार्य, सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई के पत्रांक SAV/May-2023/156, दिनांक 27.05.2023 के माध्यम से संसूचित संकायवार एवं आरक्षण कोटिवार कुल रिक्तियों का विवरण निम्नवत् है –

| क्र० सं० | कोटि | छात्र | | | | छात्रा | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | विज्ञान | कला | वाणिज्य | कुल | विज्ञान | कला | वाणिज्य | कुल |
| 1 | अनारक्षित (UR) | 08 | 08 | 08 | 24 | 05 | 08 | 08 | 21 |
| 2 | अनुसूचित जाति (SC) | 04 | 04 | 02 | 10 | 01 | 01 | 03 | 05 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति (ST) | 01 | 00 | 00 | 01 | 00 | 01 | 00 | 01 |
| 4 | अत्यंत पिछड़ा वर्ग (EBC) | 02 | 04 | 04 | 10 | 02 | 04 | 04 | 10 |
| 5 | पिछड़ा वर्ग (BC) | 02 | 01 | 03 | 06 | 02 | 02 | 02 | 06 |
| 6 | पिछड़े वर्ग की महिला BC (Female) | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 01 |
| 7 | आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) | 02 | 02 | 02 | 06 | 02 | 02 | 02 | 06 |
| | कुल | 19 | 19 | 19 | 57 | 12 | 18 | 20 | 50 |

2. <u>दिव्यांग कोटि (Differently Abled)</u> – सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार, पटना के द्वारा समय–समय पर निर्गत निदेश के आलोक में दिव्यांग कोटि के अभ्यर्थियों को 5% क्षैतिज आरक्षण का लाभ देय है। चयनित छात्र/छात्राओं का विकलांगता का स्तर 40 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए।

3. आवेदक की आयु 1 अप्रैल 2023 को न्यूनतम 15 वर्ष तथा अधिकतम 17 वर्ष होनी चाहिए।

4. आवेदक बिहार राज्य का निवासी होना चाहिए। साथ ही, आवेदक को बिहार में अवस्थित सक्षम प्राधिकार से मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय से कक्षा 10 वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए ।

5. परीक्षा आवेदन पत्र सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से प्राप्त किये जायेंगे। किसी भी परिस्थिति में ऑनलाईन माध्यम को छोड़कर अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे।

6. **ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क <u>दिनांक 06.07.2023 से 17.07.2023</u> अवधि तक स्वीकार किये जायेंगे।**

7. **परीक्षा शुल्क** : (1) अनारक्षित/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के लिए – रू० 960/– (नौ सौ साठ रू0), (2) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग के लिए रू० 760/– (सात सौ साठ रू0)

8. **<u>ऑनलाईन आवेदन करने की विधि</u>** – छात्र/छात्रा/अभिभावक समिति की वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर Apply for Simultala Awasiya Vidyalaya Entrance Examination, 2023 लिंक पर क्लिक करने के पश्चात् जिला का नाम, प्रखण्ड का नाम, मोबाईल नम्बर अंकित करने के पश्चात् परीक्षा आवेदन पत्र खुलेगा। इस पेज पर अभ्यर्थी अथवा उनके अभिभावक अभ्यर्थी का विवरण (नाम, पिता नाम, जन्मतिथि, जाति कोटि इत्यादि) शुद्ध–शुद्ध भरेंगे। किसी भी त्रुटिपूर्ण विवरण अपलोड करने के लिए अभ्यर्थी अथवा उनके अभिभावक स्वयं दोषी होंगे तथा उनका आवेदन–पत्र रद्द कर दिया जाएगा। भरे गये परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी अभ्यर्थी/उनके अभिभावक निकालकर उस पर अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य से अग्रसारित कराकर सुरक्षित रख लेंगे। अभ्यर्थी नामांकन हेतु चयन होने पर अग्रसारित आवेदन पत्र को संबंधित जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी से अग्रसारित करा कर नामांकन के समय प्राचार्य, सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला को अनिवार्य रूप से समर्पित करेंगे। अन्यथा नामांकन बाधित हो सकता है।

9. **परीक्षा आवेदन–पत्र समिति की वेबसाईट पर भरने एवं परीक्षा शुल्क के भुगतान करने की विधि क्रमवार निम्नवत् है** – 1. Visit **http://secondary.biharboardonline.com**, 2. Home Page, 3. Student Registration Page /Student Login Page, 4. Fill Application Form, 5. Upload Photo & Signature, 6. View & Edit Application Form, 7. Make Payment and 8. Print Application

9.1 **छात्र/छात्रा के रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर स्कैन करने के संबंध में–**

**सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला प्रवेश परीक्षा के आवेदन पत्र में रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर निम्नवत् रहना अनिवार्य है :–**

**A. रंगीन फोटो का साईज एवं प्रकार :**

Image Size : 35mm × 30 mm का हो। (50–100 KB के बीच jpg/jpeg फॉरमेट में हो।
Head Size/Face Size : 25 mm × 20 mm (approx 60 % 70%)
Background : Plain White or Light Green

**B.** स्कैन किया हस्ताक्षर का नमूना (jpg/jpeg) फॉरमेट (3.5cm width × 1.5 cm height) में हो तथा आकार 10–20 KB से अधिक न हो।

9.2 **<u>प्रमाण पत्रों को अपलोड करना</u>** –

a) मैट्रिक (10th) का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र (जन्म तिथि के लिए) ।

b) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के उम्मीदवारों के लिए जाति प्रमाण पत्र ।

c) अत्यंत पिछड़ा वर्ग/ पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए क्रीमिलेयर रहित अद्यतन प्रमाण पत्र (आरक्षण का दावा करनेवाली विवाहित महिलाओं की जाति/अद्यतन क्रीमिलेयर रहित प्रमाण पत्र उनके पिता के नाम एवं पता से निर्गत होना चाहिए न कि उनके पति के नाम से)

d) दिव्यांगता का दावा करने की स्थिति में विहित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत तत्संबंधी प्रमाण पत्र।

e) आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य कोटि (EWS) के आवेदक के लिए बिहार सरकार के अधिसूचना संख्या 2622 दिनांक 26.02.2019 के आलोक में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र।

9.3 **<u>परीक्षा शुल्क भुगतान की प्रक्रिया</u>** – ऑनलाईन आवेदन–पत्र submit करने के पश्चात् Fee Payment के लिए पेज पर उपलब्ध Fee Payment Button पर क्लिक करें। परीक्षा के लिए निर्धारित शुल्क की राशि Debit Card/Credit Card/Net Banking के माध्यम से भुगतान किया जाय। अभ्यर्थी/उनके अभिभावक भुगतान के पश्चात् 24 घंटे के अन्दर अपने बैंक खाता से राशि की निकासी हुई है या नहीं, इसकी जाँच कर स्वयं संतुष्ट हो लेंगे। खाता से राशि की निकासी के पश्चात् समिति के खाता में परीक्षा शुल्क जमा नहीं होने की स्थिति में संबंधित आवेदन अपूर्ण मानते हुए स्वीकार नहीं किया जाएगा।

9.4 ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र समिति की वेबसाईट पर भरने के पश्चात अभ्यर्थी के मोबाईल पर पासवर्ड भेजा जायेगा और अभ्यर्थी का मोबाईल नम्बर यूजर आई०डी० होगा। यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड को अभ्यर्थी/अभिभावक भविष्य के लिए सुरक्षित रख लेंगे एवं इसकी गोपनीयता बनाए रखे। **इस यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड को समिति कार्यालय में कदापि न भेजे। इस यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड के माध्यम से अभ्यर्थी अथवा उनके अभिभावक ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार के त्रुटिपूर्ण विवरण ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि तक समिति के उक्त वेबसाईट http://secondary.biharboardonline.com पर जाकर सुधार कर सकेंगे।**

10. **<u>प्रवेश परीक्षा</u>**: पूर्णतः वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रश्नों पर आधारित होगी। परीक्षा ऑनलाईन विधि से ली जायेगी, जिसके प्रश्नों की संख्या 120 होगी। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक प्रदान किये जायेंगे। यह परीक्षा 2 घंटे 15 मिनट की होगी। इसमें 15 मिनट का समय "Cool off" समय होगा तथा अभ्यर्थियों को प्रश्नोत्तर हेतु 2 घंटे का समय उपलब्ध होगा।

**प्रवेश परीक्षा विषय का विवरण निम्नवत् है, जिसका पाठ्यक्रम का स्तर दसवीं आधारित होगा**

| प्रवेश परीक्षा | | |
|---|---|---|
| क्र.सं. | विषय | अंक |
| 01 | गणित | 30 |
| 02 | विज्ञान | 30 |
| 03 | अंग्रेजी | 30 |
| 04 | बौद्धिक क्षमता | 30 |
| | कुल अंक | 120 |

11. प्रवेश परीक्षा के परिणाम के आधार पर तैयार कोटिवार मेधासूची से कोटिवार छात्र/छात्रा वार रिक्तियों की संख्या के 05 (पाँच) गुणकों में कोटिवार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। उक्त के पश्चात् विद्यालय द्वारा काउंसेलिंग (Counselling) के माध्यम से मेधाक्रम, आरक्षण कोटि एवं रिक्ति के आधार पर नामांकन की कार्रवाई की जायेगी ।

12. <u>नार्मलाइजेशन (Normalization)</u> – अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में प्रवेश परीक्षा एक से अधिक पालियों (Sittings)/तिथियों (Dated) में आयोजित की जा सकती है । वैसी स्थिति में अलग–अलग पालियों में अलग–अलग प्रश्न पत्रों के अलग–अलग कठिनाई स्तर होने के कारण परीक्षाफल तैयार करने के क्रम में Normalization की विधि का प्रयोग किया जा सकता है, ताकि किसी भी विशेष पाली के किसी भी अभ्यर्थी को कोई खास लाभ या हानि नहीं हो ।

13. प्रवेश परीक्षा में समान अंक वाले अभ्यर्थियों में से अधिक उम्र वाले अभ्यर्थियों को अधिमान देते हुए मेधा सूची में शामिल किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा में समान प्राप्तांक एवं समान जन्मतिथि होने की स्थिति में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में अधिक प्राप्तांक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा, माध्यमिक परीक्षा के प्राप्तांक समान होने एवं जन्मतिथि समान होने की स्थिति में लॉटरी (Lottery) के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

14. प्रवेश परीक्षा के परीक्षा परिणाम के आधार पर तैयार कोटिवार मेधा सूची से मेधा क्रम में छात्र/छात्राओं को नामांकन के पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण हेतु चिकित्सा बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना पड़ेगा, जिसमें सफल होने के उपरांत ही उन्हें प्रवेश की स्वीकृति दी जाएगी।

15. प्रवेश परीक्षा में सफल सभी अभ्यर्थियों को नामांकन के समय जाति प्रमाण–पत्र (आरक्षित कोटि के दावा करने वाले अभ्यर्थियों के लिए) आवासीय प्रमाण–पत्र, जन्मतिथि प्रमाण–पत्र, निःशक्तता प्रमाण–पत्र (निःशक्तता कोटि का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के लिए) विद्यालय परित्याग प्रमाण–पत्र, बैंक खाता की छायाप्रति, माता–पिता के आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति तथा छायाप्रति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा, अन्यथा नामांकन का दावा निरस्त कर दिया जाएगा।

16. उक्त परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार के विवाद का मामला केवल उच्च न्यायालय, पटना के क्षेत्राधिकार में होगा।

17. इस परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना, सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 के अंतर्गत परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों तक ही प्राप्त किया जा सकेगा।

18. उक्त परीक्षा से संबंधित पृच्छा के लिए **हेल्पलाईन नम्बर–0612–2232074** पर सम्पर्क किया जा सकता है तथा किसी प्रकार की सूचना **E-mail ID- bsebsehelpdesk@gmail.com** पर भेजा जा सकता है।

19. **अन्तिम रूप से आवेदन पत्र जमा करने के उपरान्त आवेदन से संबंधित किसी प्रकार की त्रुटि में सुधार हेतु दावा मान्य नहीं होगा।**

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**